卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 112 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦27 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# मोदी का गुरु मंत्र: टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी

## प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के सवालों को दिये जवाब







नई दिल्ली/देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लाखों छात्र-छात्राओं के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' की। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार 155 देशों के छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए अपने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार चर्चा के लिए दोगुने से ज्यादा छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। पीएम से लाखों सवाल पूछे गए हैं, लेकिन समय की कमी के चलते वह कुछ ही सवालों का जवाब दे सके। इस चर्चा में उत्तराखण्ड से भी दस लाख से अधिक विद्यार्थी लाइव जुड़े रहे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि आज भी हमारे छात्र अपने टीचर की बात को बहुत मूल्यवान समझते हैं। हमें डंडा लेकर अनुशासन वाला रास्ता ना चुन कर अपनेपन का रास्ता चुनना चाहिए। अपनेपन का रास्ता चुनेंगे तभी लाभ होगा।हमारे शिक्षक विद्यार्थियों के साथ जितना अपनापन बढ़ाएंगे उतना बेहतर होगा। जब विद्यार्थी आपसे सवाल करता है तो उसका लक्ष्य आपके ज्ञान को परखना नहीं है। विद्यार्थी की जिज्ञासा ही उसकी बहुत बड़ी अमानत है। पीएम ने कहा कि जो मेहनती विद्यार्थी है, उसकी मेहनत जिंदगी में जरूर रंग लाएगी। हो सकता है कोई नकल कर आपसे दो-चार नंबर ज्यादा ले आये, लेकिन वो कभी आपकी जिंदगी की रुकावट नहीं बन पाएगा। आपके भीतर की ताकत ही आपको आगे ले जाएगी, हमें शॉर्टकट की ओर नहीं जाना चाहिए। मोदी ने कहा कि दुनिया की सबसे पुरातन भाषा जिस देश के पास हो उस देश को गर्व होना चाहिए। मोदी ने कहा कि सिर्फ परीक्षा के लिए ही नहीं, जीवन में टाइम मैनेजमेंट के प्रति हमें जागरूक रहना चाहिए। आप घर में अपनी मां को काम करते हुए देखिए, उनका टाइम मैनेजमेंट परफेक्ट होता है। आपको माइक्रो मैनेजमेंट करना है कि किस विषय को कितना टाइम देना है। हम दिन-रात हम कॉम्पिटिशन के भाव में जीते हैं। हम अपने लिए जियें, अपने में जियें, अपनों से सीखते हुए जियें। सीखना सबसे चाहिए लेकिन अपने भीतर के सामर्थ्य पर भी बल देना चाहिए। एक एग्जाम के कारण जीवन एक स्टेशन पर रुकता नहीं है। पीएम ने कहा कि परिवार के लोगों को बहुत अपेक्षाएं होना बहुत स्वाभाविक है और उसमें कोई गलत भी नहीं है, लेकिन अगर परिवार के लोग अपेक्षाएं सोशल स्टेटस के कारण कर रहे हैं तो वो चिंता का विषय है। मोदी ने छात्रों से कहा, पहले काम को समझिए। हमें भी जिस चीज की जरूरत है उसी पर फोकस करना चाहिए। अगर मुझे कुछ अचीव करना है तो मुझे स्पेसिफिक एरिया पर फोकस करना होगा, तभी परिणाम मिलेगा। हमें स्मार्टली हार्डवर्क करना चाहिए, तभी अच्छे परिणाम मिलेंगे। मोदी ने कहा कि हम राजनीति में कितने ही चुनाव क्यों न जीत लें, लेकिन ऐसा दवाब पैदा किया जाता है कि हमें हारना नहीं है। चारों तरफ से दबाव बनाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## ठेली पर देशी शराब परोसता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में ठेली पर देशी शराब ग्राहकों को परोसते एक व्यक्ति को पुलिस ने शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई प्रदीप पन्त मय कांस्टेबल राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र के साथ गश्त करते हुये जब गोल मढ़ैय्या पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर वह सोनकर चिकन शाप के सामने लगी ठेली के पास पहुंचे जहां ठेली स्वामी ग्राहकों को शराब परोसते दिखाई दिया। पुलिस को देखकर शराब पी रहे व्यक्ति वहां से भाग गये। पुलिस ने ठेली स्वामी को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता राजेश सोनकर पुत्र स्व. अमृतलाल सोनकर निवासी वार्ड 10 विवेकनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर मौके से 6 पव्वे मसालेदार देशी शराब के व राजेश के पास से कुल 600 रुपये बरामद हुये। पूछताछ में राजेश ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## हादसों में दो की मौत,चार घायल

### एमपी चौक के समीप दो बाइकों की भिड़ंत, सूर्या के समीप ट्रक ने महिला को रौंदा

काशीपुर(उद संवाददाता)। देर शाम अलग अलग स्थानों पर घटित सड़क हादसों में महिला सहित दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चार अन्य





गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों में दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है जिन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस द्वारा मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अकस्मात घाटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। रात्रि लगभग 8 बजे पहली दुर्घटना एमपी चौक के समीप स्थित आरोपी के ऊपर घटित हुई। उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा के शिवनगर के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र जय सिंह अपने मित्र अशोक पुत्र राम स्वरूप के साथ बाइक से रामनगर मेला करने के उपरांत वापस लौट रहा था कि तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत होते ही सुनील कुमार छिटक कर सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में सुनील की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना में दोनों बाइक पर सवार तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ले जाने पर घायलों की हालत को चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया। ऐसे ही रात्रि करीब 9बजे जनपद मुरादाबाद के तहसील ठाकुरद्वारा स्थित गांव ख्वाजपुर से विनोद शर्मा तथा उसकी पत्नी विनीता (शेष पृष्ठ 7 पर)

## हादसे में बुझा कर का इकलौता चिराग

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। रतनफार्म नंबर 2 अरविन्द नगर के युवक की सड़क हादसे मे मौत हो गयी। मृतक घर का इकलौता चिराग था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को देर शाम अरविंद



नगर निवासी 33 वर्षीय महादेव मिस्त्री पुत्र प्रसाद मिस्त्री बाजार से मोटर बाइक संख्या यूके 06 एएम 1601 से घर की ओर जा रहा था कि रतन फार्म रोड कुसमोठ मोड़ के समीप पैदल चल रहे राहगीर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। बाईक समेत गिरने से महादेव को काफी चोटे आयी। हादसे के उपरांत घटना स्थल पर काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। आनन फानन में महादेव को सितारगंज के निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहा डॉक्टरों ने महादेव को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है। महादेव मिस्त्री घर का इकलौता चिराग था। वह सिडकुल के फैक्ट्री में कार्य करता था। एक दिन बाद ही उसकी साली का विवाह होना है जिसके लिए वह तैयारियों में व्यस्त था। महादेव अपने पीछे माता पिता,पत्नी व करीब 3 वर्ष की बेटी को रोता बिलखता छोड़ गया।



**रस्म पगड़ी**

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पुत्रवधु **श्रीमती सरला रानी छाबड़ा पत्नी श्री सोमनाथ छाबड़ा (फुलसुंगी)** का दिनांक 20 जनवरी 2023 को देहावसान हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 28 जनवरी 2023 दिन शनिवार** को दोपहर 12 से 1 बजे तक **स्थान- सतकरतार धाम गुरूद्वारा साहिब फुलसुंगी, रुद्रपुर** में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

स्व.विजय छाबड़ा-शारदा रानी (देवर-देवरानी)
वीरभान छाबड़ा-सुनीता रानी (देवर-देवरानी)
राकेश छाबड़ा-नीता रानी (देवर-देवरानी)
केवल कृष्ण छाबड़ा-उषा रानी (देवर-देवरानी)
एकता अरोरा-पंकज अरोरा (पुत्री-दामाद)
प्रियंका अरोरा-दीपक अरोरा (पुत्री-दामाद)
समस्त छाबड़ा परिवार एवं कुभार परिवार

**त्रिलोक चंद छाबड़ा (ससुर)**
सोमनाथ छाबड़ा (पति)
आशीष छाबड़ा-मोनिका छाबड़ा(पुत्र-पुत्रवधु)
विशाल छाबड़ा-सान्या छाबड़ा(पुत्र-पुत्रवधु)
अभिषेक छाबड़ा-मनी छाबड़ा(पुत्र-पुत्रवधु)
अदिति,एंजल,अविश,रूहानी,अर्जुन,नव्या,कबीर, अनिका,अनहद,अनंत,अनाया, अभिमन,(नाती-पोते)

प्रतिष्ठान: मैट्रेस गैलरी रुद्रपुर, छाबड़ा किराना स्टोर फुलसुंगी
आशीर्वाद ट्रेडिंग कम्पनी,रुद्रपुर मो.9927326111, 9675300143, 9837157323

## फैक्ट्री से सामान चोरी कर ले जाता एक दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री से सामान चोरी कर ले जा रहे एक युवक को सुरक्षा कर्मियों ने दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले की रपट सिडकुल चौकी में दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में महिपाल सिंह पुत्र स्व. कुन्दन सिंह रौतेला निवासी कैनाल रोड गुरुजी एन्कलेव थाना काठगोदाम ने कहा है कि वह सिडकुल पतंनगर में स्थित अशोक लीलैन्ड कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। 24 जनवरी को सुबह वह अपने गार्ड महेश दत्त व दीपक जोशी के साथ कंपनी परिसर में गेट नं. 1 पर ड्यूटी पर था। उन्होंने देखा कि एक लड़का कंपनी के अंदर से कुछ सामान लेकर बाहर को जा रहा है। रोकने पर वह पीछे मुडकर वापस भागने का प्रयास करने लगा तथा लडखडाकर गिर गया। उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सूरज विश्वास पुत्र विष्णु विश्वास निवासी सरस्वती शिशु निकेतन स्कूल के पास ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम गबिया निकट मेन मार्केट पीलीभीत बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से इंजन पार्ट, स्टार्टर मोटर व कॉपर की प्लेटे रखी मिली। उसने बताया कि वह यह पार्ट व प्लेटो को कंपनी के अंदर से चोरी करके लाया है जिन्हें बाहर किसी कबाडी या दुकानदार को बेचने फैक्ट्री के बाहर निकल रहा था। पुलिस ने सूरज को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## युवक की मौत के मामले में बाईक सवार के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों सड़क हादसे में एक युवक की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने अज्ञात बाईक चालक के खिलाफ रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में रामकुमार पुत्र लक्ष्मण हाल निवासी फुलसुंगी ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम केवलपुर थाना पाली जिला हरदोई ने कहा है कि उसका भाई रामचरन पप्पू पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम हजरतपुर, थाना बिलासपुर रामपुर के गंगापुर रोड स्थित अमरूद की बगिया के पास काम कर खेत में ही स्थित कोठरी में रहता था। 10 जनवरी को भाई रामचरन दुकान से सौदा लेने के लिये जा रहा था मार्ग में फुलसुंगी शमशान घाट की ओर से आ रही मोटर साईकिल संख्या (शेष पृष्ठ सात पर)

# डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व वीरांगनाओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देश का 74वां गणतन्त्र दिवस जनपदभर में धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान के उपरान्त उपस्थित लोगों को संविधान की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपदवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने स्वतन्त्रता सेनानी के उत्तराधिकारियों को मालाओं व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हम जानते है कि जो वीर सपूत थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया है उन लोगों के लिए सच्ची श्रद्धांजली यही होगी कि जब हम लोग चाहे किसी भी वर्ग के हो किसी भी जाति किसी भी व्यवसाय से हो हमे अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा व कुशलता से करना चाहिए। यही हमारे देश के लिए सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण योगदान होगा। सन् 1950 में आज ही के दिन हमारे देश में संविधान लागू हुआ था और भारत विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र के रूप में स्थापित हुआ था। आज का दिन वह दिन है जब हम उन विरांगनाओं, महानायकों को याद करते है जिन्होंने स्वाधीनता के सपने को साकार करने के लिए अतुलनीय साहस, बलिदान का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में जो आधारभूत सिद्धान्त है लोकतन्त्र, न्याय, स्वतन्त्रता, समानता और बन्धुत्वता इन्ही सिद्धान्तों के आधार पर हमारा संविधान गठित हुआ है। हमारे संविधान में न सिर्फ राजकाज करने के तरीके दिये गये है बल्कि समस्त नागरिकों को उनके मूल अधिकार और मूल कर्तव्य की व्याख्या भी की गई है। उन्होने कहा कि मूल अधिकार व मूल कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू है। उन्होने नागरिकों से उन्नत राष्ट्र के निर्माण हेतु आपसी तालमेल के साथ पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करना होगा ताकि राष्ट्र उन्नति की ओर तेजी से अग्रसर हो सके। उन्होंने कहा स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों ने देश की आजादी के लिये अपनी जान गंवाई तथा देशवासियों के सामने अपने जीवन मूल्य रखे है एवं हमारा गणतंत्र इन्ही मूल्यों पर आधारित है इनकी रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। अपने गणतंत्र को बरकरार रखने के लिये हमें अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के निर्वहन करने के साथ आने वाली पीढ़ी के लिए भी सुनहरे भविष्य का निर्माण करना भी हमारा कर्वव्य है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, आरएम सिडकुल/ कलेक्ट्रट प्रभारी मनीष बिष्ट, स्वतन्त्रता सेनानी दर्शन सिंह एवं आश्रित विजयनाथ, दलप्रीत सिंह, शान्ति देवी, सरस्वती सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।







## भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ के नेतृत्व में किसानों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर भारत के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन के माध्यम से राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान किसानों से जो वायदे किए गए थे उन्हें आज तक पूरा नहीं किया गया इस संबंध में राष्ट्रपति महोदय को एक ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से स्वामीनाथन आयोग द्वारा की गई सिफारिश को पूरी तरह लागू किए जाने, साथ ही एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किए जाने ,किसानों के निजी नलकूपों को शुल्क मुक्त किए जाने ,अघोषित विद्युत कटौती बंद किए जाने तथा उपभोक्ता की विद्युत दरें कम किए जाने, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर लगाए गए सभी तरह के मुकदमे वापस लिए जाने, लखीमपुर खीरी कांड में किसानों पर लगाए गए सभी केस वापस लिए जाने , आरोपी मंत्री अजय सैनी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने ,किसानों के पराली जलाने के विरोध में बनाया गया कानून रद्द किए जाने, 15 वर्ष पुराने किसानों के ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन रद्द ना किए जाने, किसानों की गन्ने की फसल की लागत बढ़ने से उसका समर्थन मूल्य 500 प्रति कुंतल घोषित किए जाने तथा फैन एक्ट के अनुसार 14 दिन के अंदर गन्ना भुगतान किए जाने, किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने ,आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसल को बर्बाद किए जाने से मुक्ति दिलाए जाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेजकर उचित कार्रवाई एवं समस्याओं के निराकरण की मांग की गई स इस दौरान कई किसान मौजूद थे।



## तीन बीएलओ को जिलाधिकारी ने किया राज्य पुरस्कार से सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन रुद्रपुर मनोज सरकार स्पोर्ट स्टेडियम में किया गया। जिसमें डीएम युगल किशोर पन्त ने अच्छा कार्य करने वाली बी.एल.ओ नीलम रुद्रपुर, कमला देवी, इन्दिरा पाण्डे को उत्कर्ष निर्वाचन कार्य संपादन करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें निर्माण विभाग द्वारा बीएलओ से ऑनलाइन देता सहित वोटर आईडी को आधार से लिंक का कार्य कराया गया था जिसमे जनपद की बीएलओ नीलम, कमला, इंदिरा के द्वारा इस कार्य को करने पर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, तहसीलदार नीतू डागर, अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज सरकार,उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव डी.के सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पन्त आदि उपस्थित थे।



## बालिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के साथ कई कार्यक्रम किए गए स प्रधानाचार्य माया चनयाना तथा आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस के ट्यूटर्स द्वारा संयुक्त रूप से कॉलेज परिसर में प्रोग्राम का आयोजन किया कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को वक्ताओं ने बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपने को व्यवस्थित करते हुए स्वयं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प कराया स कार्यक्रम के दौरान स्कूल की सभी शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया स बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम समापन पर प्रधानाचार्य माया चनयाना द्वारा शिक्षिकाओं ,आसरा ट्रस्ट की टीम और बालिकाओं के अलावा अन्य स्टाफ का धन्यवाद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर उर्वशी गंगवार,नंदिनी शर्मा, मिनती रानी विश्वास, नीरजा बर्मा, निशा रानी,ललिता रानी, तारा जोशी, और आसरा ट्रस्ट के कार्यक्रम समन्वयक पृथ्वी सिंह, आसरा ट्रस्ट के लाइफ स्किल मेंटर विनीता और गुड़िया, ट्यूटर्स ज्योति ,सपना, मोनिका, कमलेश, दीपा, प्रियंका एवं सुरभि आदि शामिल थे।



## राष्ट्रीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 2 फरवरी से 9 फरवरी 2023 तक गुवाहाटी में होने वाले राष्ट्रीय बॉलीबाल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु रूद्रपुर के मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 जनवरी से 25 फरवरी 2023 तक होने वाले खिलाड़ियों के चयन प्रक्रिया के अन्तिम दिन जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने मैच प्रारम्भ होने से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने मैच का आनन्द लिया। इस दौरान महासचिव उत्तराखण्ड ओलम्पिक महासंघ डीके सिंह, उप क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत एवं खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।उत्तराखण्ड बॉलीबाल एशोसिएशन मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 15 जनवरी से 10 दिन तक चलने वाले इस चयन प्रक्रिया में 12 खिलाड़ी चयनित हुए। जो गुवाहाटी में 2 फरवरी से होने वाले राष्ट्रीय बॉलीबाल चैम्पियनशिप में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होने बताया कि चयनित 12 खिलाड़ी 30 जनवरी को गुवाहाटी के लिए रवाना होगें।इस अवसर पर उप क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, महासचिव उत्तराखण्ड ओलम्पिक महासंघ डीके सिंह, मुख्य कोच रतीश नायर आदि उपस्थित थे।



## सह प्रान्त बौद्धिक प्रमुख ने माँ चामुंडा मंदिर पहुंच ली जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सह प्रान्त बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र ने मोहल्ला खेड़ा स्थित सिद्ध शक्ति पीठ माँ चामुंडा मंदिर पहुंच बीते दिनों हुई घटना की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर में चल रहे यज्ञ समारोह में भी प्रतिभाग किया। इस दौरान मंदिर परिसर में प्रकाश की कमी देख मेयर रामपाल ने मंदिर परिसर में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करवाई। गौरतलब है कि नई बस्ती खेड़ा के प्राचीन सिद्ध शक्ति पीठ माँ चामुंडा मंदिर मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य धर्म रक्षा समिति व धर्म जागरण समन्वय द्वारा किया जा रहा है। जिसके चलते मंदिर परिसर में 22 जनवरी से महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मंगलवार की रात्रि मंदिर परिसर में दूसरे धर्म के लोगो ने पथराव कर दिया था। जिसके बाद भड़के हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने हंगामा कर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुछ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद मंदिर परिसर के आस पास सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया था। गत सायं संघ के सह प्रान्त बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र ने मंदिर में पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर के चल रहे यज्ञ में भी आहुति दी। आयोजक समिति के मुकेश पारिख ने उनको मंदिर में चल रहे जीर्णोद्वार कार्यक्रम की जानकारी दी। मेयर रामपाल भी वहां पहुंचे और उन्होंने मंदिर की प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल वहां लाइटें लगवा व्यवस्था दुरुस्त की। इस दौरान जिला कार्यवाह समरपाल सिंह, जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी योगेश वर्मा, एडवोकेट जुगल गोस्वामी, किशनपाल, लाखन सिंह, मुकेश पाल सहित खेड़ा के स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




## विधायक पांडेय ने एलईडी बोर्ड का किया शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छत भारत मिशन 2023 के जन जागरण हेतु थाने परिसर मुख्य रोड के सामने लगाये गये एलईडी बोर्ड का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय एवं पालिकाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रुप फीता काट कर किया गया। इस एलईडी बोर्ड लगने से गदरपुर नगर की पहचान अब अलग रुप से नजर आयेगी। गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर थाना परिसर मुख्य बाजार में नगरपालिका द्वारा करीब 2.50 लाख लगात से एलईडी बोर्ड लगाया गया। जिसका शुभारंभ देर सायं विधायक अरविन्द पांडेय एवं पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा फीता काटकर किया। इस दौरान पांडेय ने कहा कि नगरपालिका द्वारा नगर में काफी विकास किया गया। नगर के मुख्य मार्ग में स्वच्छता भारत मिशन 2023 के जन जागरण के लगाये गये एलईडी के बोर्ड से नगर में एक अलग पहचान बनेगी। उन्होंने इसके लिए पालिकाध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल में नगर का काफी विकास हुआ है। पांडेय ने कहा कि कोविड काल में भी पालिका के सफाई कर्मियों ने मेहनत कर नगर को स्वच्छ रखने कोई कसर नहीं छोड़ी है। वहीं पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा कि उनके द्वारा नगर मे विकास की कमी नहीं आने दी है और शेष कार्य बचे है उनको भी शीघ्र पूरा किया जायेगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा, तारिक उल्ला खा, गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जय किशन अरोरा, सभासद सतीश मिढ्ढा, रोहित सुदामा, रमेश कुमार, विरेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, सीताराम ,मुजम्मिल हुसैन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# बसंत दीपोत्सव से जगमगाया बैजनाथ मंदिर

गरुड़ (उद संवाददाता)।विश्व प्रसिद्ध धाम बैजनाथ मंदिर में बसंत दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल और ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। बसंतोत्सव के तहत गोमती नदी तट और मंदिर प्रांगण में इक्कीस सौ दीप जलाए गए।साथ ही रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।उदघाट्न करते हुए डीएम अनुराधा पाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पर्यटन की गतिविधियां बढ़ाने में सहायक होते हैं, बैजनाथ विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक स्थल है। प्रतिवर्ष पर्यटक हजारों की संख्या में यहाँ पहुंचते हैं। बैजनाथ कौसानी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रयासरत है। गंगा आरती कार्यक्रम के माध्यम से पर्यटक अच्छा संदेश लेकर जाएंगे। सांस्कृतिक मंच के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का



अवसर मिलता है।वही दीपोत्सव के तहत विभिन्न कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे,तहसीलदार तितिक्षा जोशी, पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्य,भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहुमी, गोपाल सिंह की किरमोलिया, भाजपा एससी मोर्चा के कुमाऊं सह संयोजक एडवोकेट जेसी आर्य, महेश ठाकुर रमेश जोशी,पूर्व जिपं उपाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट,बैजनाथ के ग्राम प्रधानराजेन्द्र गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार रमेश पांडे बृजवासी,आंनद बिष्ट, अनिल पांडे, दिनेश नेगी,कुवर मेहरा, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला व डीएस मेहता ने किया।


## शीघ्र आवश्यकता है

SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com


## श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन


गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में 44 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस की बेला में कथा करते हुए कथावाचक स्वामी नारायण चौतन्य जी ने भगवान के मंगलमय



विवाहों की सुंदर कथा का वर्णन किया एवं उषा अनिरुद्ध विवाह की कथा सुनाई एवं पांडवों द्वारा राज सूर्य यज्ञ, शिशुपाल का वध व परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए कथा को विश्राम दिया।कथा के मुख्य यजमान वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री सनातन धर्म सभा के कार्यालय प्रबंधक श्री सुरेंद्र बजाज जी द्वारा सपरिवार पूजा की गई।




समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भूपेंद्र कुमार 'बंटी पपनेजा'
पूर्व प्रदेश सचिव
अ. भा.राहुल गांधी बिग्रेड
( उत्तराखंड )



समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कठायत
चौकी प्रभारी, पुलिस चौकी
गूलरभोज ( उधम सिंह नगर ) मो. 9917957051

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डा.कुलदीप रघुवंशी
अध्यक्ष व्यापार मण्डल
गूलरभोज( उधम सिंह नगर)


## जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेत्रदान का संकल्प करने वाली समाज सेविका स्वव ललिता कांडपाल जी की स्मृति में महिमा चौरिटेबल सोसाइटी द्वारा नजदीकी ग्राम गोपाल नगर में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया महिमा चौरिटेबल



सोसायटी की अध्यक्षा चंद्रिका फौगाट के साथ सोसायटी के सदस्य कविता कांडपाल, ज्योति चुघ,मोहित घूगतयाल,राज, नितिन आर्या, कान्हा, महिमा, पलक, धर्मपाल ठुकराल आदि ग्राम गोपाल नगर पहुंचे जहां उन्होंने जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं और बच्चों के अलावा अन्य लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण किया।

## पुलिसकर्मियों को दिलायी शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस बहुउद्देशीय भवन में कोतवाली के अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को एसएसपी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ



दिलाकर सभी को एक मजबूत गणराज्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपेक्षा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद के समस्त थाना, चौकी, पुलिस कार्यालय नैनीताल, अग्निशमन के प्रभारियों द्वारा अपने अपने थानों तथा कार्यालयों में नियुक्त अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।


अरोरा डेन्टल केयर



डा. गगनदीप गुम्बर
B.D.S.,PGDHA
(Oral Implantologist)
M.9837081085

Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling



डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा
B.D.S.,(Dental Surgeon)
M.9997327642

(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


## पुलिस ने निर्भीक मतदान की दिलाई शपथ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बागेश्वर पुलिस ने निर्भिक मतदान की शपथ दिलाई। एसपी हिमांशु वर्मा के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक कपकोट अशोक कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में कार्यालय स्टाफ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभनों से प्रभावित हुए



बिना निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बागेश्वर शिवराज सिंह राणा, क्षेत्राधिकारी महोदय ऑपरेशन अंकित कंडारी व पुलिस कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय के अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे। इसके साथ ही महोदय के निर्देशानुसार जनपद के सभी थाना, चौकी, शाखा/फायर स्टेशन,पुलिस लाईन प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना,कार्यालयों में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी कर्मचारीगणों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

## नाबालिग की शादी को रोका

बागेश्वर (उद संवाददाता)। एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है, अलग अलग क्षेत्रों में साइबर क्राइम, महिला जागरूकता, सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी जा रही है, एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा झिरौली थाना क्षेत्रके रिठागाड़ क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया,क्षेत्र के ग्राम सैंज में नाबालिग लड़की के विवाह होने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम ने नाबालिक के विवाह होने से रोका। साथ ही परिजनों को जागरूक किया। बेटी की



शादी बालिग होने तक नहीं करने का शपथ पत्र भी भरा। पुलिस को सूचना मिली की ग्राम सैंज में अगले महीने एक नाबालिग लड़की की शादी होने वाली है। सूचना के बाद प्रभारी डीसीआरबी निरीक्षक टीआर बगरेठा, प्रभारी एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट एसआई मीना रावत मय सीडब्ल्यूसी मौके पर पहुंचे। शादी फरवरी में होने वाली थी। जन्मतिथि के सम्बन्ध में दस्तावेज चौक किए तो लड़की की उम्र 18 साल से कम थी। पुलिस ने शादी रुकवाई और परिजनों की काउंसलिंग की। उन्हें बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। नाबालिग के परिजन द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि पुत्री की शादी बालिग होने के उपरांत ही करेंगे इसके बाद टीम ने ग्राम सैंज में लोगों को बाल विवाह, बाल अपराध, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षा वृत्ति, मानव तस्करी, साइबर क्राइम, यातायात नियमों, नशा मुक्ति के साथ-साथ 112, 1090,1098 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## नशा तस्कर को स्कूटी में दो पेटी अंग्रेजी शराब ले जाते किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। स्कूटी में 2 पेटी अवैध नशा तस्कर को स्कूटी में दो पेटी अंग्रेजी शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम द्वारा चौकी क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम करने हेतु कांस्टेबल उमेश



चौहान व योगेश कुमार के साथ चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम बृजलाल अस्पताल के सामने पोलिशीट वाली गली के पास पहुंची। जहां कुछ देर में काठगोदाम से एक स्कूटी संख्या यूके 04 एक्स 9258 पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस की देखकर जब उसने वापस लौटने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सुरेंद्र गंगवार उर्फ टोपी पुत्र रमेश चंद्र निवासी मल्ली बमोरी वार्ड 9 बताया। तलाशी लेने पर स्कूटी में रखी2 पेटी में रखे 96 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर सुरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान सुरेंद्र ने बताया गया कि वह अवैध अंग्रेजी शराब को काठगोदाम से कम दामों में खरीद कर दमुवाडूँगा क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाना चाहता था।


MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# हल्द्वानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

## विधायक सुमित हृदयेश ने की यात्रा की शुरुआत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस दिवस पर कांग्रेस ने राज्य में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरुआत की। हलद्वानी विधानसभा में विधायक सुमित हृदयेश ने हाथ से हाथ जोड़कर यात्रा की तीन ब्लॉको काठगोदाम, बमौरी और बनभूलपुरा में यात्रा निकली। पूर्व कांग्रेसी राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को और आगे जुड़े हुए कांग्रेस कार्यकर्ता दिनभर सड़को पर यात्रा करते देखे गए। कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी की बातों को जन तक पहुँचाने का कार्य किया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वह इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की विफलताओं को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। हाथ सा हाथ जोड़ो अभियान दो महीने तक चलेगा। इसके माध्यम से सामाजिक सौहार्द, एकता और अखंडता का संदेश दिया जा रहा है। इस यात्रा के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर, बूथ-बूथ तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया यात्रा के समापन पर राज्य स्तरीय बड़ी रैली निकाली जाएगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिम्वाल की यात्रा में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के पर्यवेक्षक अनुपम शर्मा, प्रदेश गोविंद सिंह बिष्ट, काठगोदाम ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, हेम पाण्डे, हरीश मेहता, शोभा बिष्ट, बिमला सांगुड़ी, मंजु सांगुड़ी, नीमा भट्ट, पुष्पा सम्मल, गीता बहुगुणा, पदद राजेंद्र जीते, राधा आर्या, पार्षद मो. गुफरान, पार्षद लईक कुरैशी, पार्षद तौफीकघ, सदस्य शकील अंसारी, सुहेल सिद्दीकघी, अब्दुल रजिक, शकील सलमानी, मुकुल बलूटिया, जीवन कार्की, त्रिलोक बनौली, सौरभ भट्ट, प्रेम बिष्ट, नेत्रबल्लभ जोशी, संदीप संदीपा, गुरप्रीत प्रिन्स, लाल सिंह, शैलेंद्र दानू, विनोद कुमार, संजय जोशी, वरुण भाकुनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। काउंसलर मो. गुफरान, पार्षद लईक कघुरैशी, पार्षद तौफीकघ, सदस्य शकील अंसारी, सुहेल सिद्दीकघी, अब्दुल रजिक, शकील सलमानी, मुकुल बलूटिया, जीवन कार्की, त्रिलोक बनौली, सौरभ भट्ट, प्रेम बिष्ट, नेत्रबल्लभ जोशी, संदीप संदीपा, गुरप्रीत प्रिन्स, लाल सिंह लिपी, शैलेंद्र दानु, विनोद कुमार, संजय जोशी, वरुण भाकुनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



# गणतंत्र दिवस पर कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेन्ट सेल की हुई शुरूआत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज, प्रीत विहार के प्रांगण में 74वां गणतंत्र दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स. दिलराज सिंह द्वारा ध्वाजारोहण किया गया तथा छात्र-छात्राओं के वन्दे मातरम एवं जय हिन्द के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। तत्पश्चात संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से संबंधित कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गयी। उसके बाद संस्थान के चार साहिबजादे सभागार में कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेन्ट सेल की विधिवत शुरूआत की गयी। जिस पर संस्थान के सलाहकार निदेशक प्रो० ए०एस० चावला, स० प्र० श्रीमती असमीत कौर सेठी, स० प्र० आंचल जुनेजा, स0 प्र0 श्रीमती परविन्दर कौर एवं स० प्र० डॉ० अखिलेश सिंह ने कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेन्ट सेल से संस्थान एवं छात्र-छात्राओं को होने वाले लाभ एवं इसकी महत्ता के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का संस्थान की प्राचार्या डा० भावना कपूर द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स० दिलराज सिंह, प्रबंधक स० गुरमीत सिंह, श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज की प्रबंधक स० मंजीत सिंह, उपाध्यक्ष स. वीरपाल सिंह और स० हरि सिंह ने गणतंत्र दिवस एवं कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेन्ट सेल के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ० विनीता पाण्डे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० नाजिया बानों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज समिति के कोषाध्यक्ष स. किरन विर्क, स. करनैल सिंह, स. भूपेंदर सिंह, स. गुरमुख सिंह, स. हरजिंदर सिंह, स. निर्मलजीत सिंह, श्रीमती प्रभजोत कौर विभागाध्यक्ष बी०एड० डॉ० नीरज कुमार जायसवाल, स०प्र० संदीप त्रिपाठी, स०प्र० गौरव मिश्रा, स०प्र० संजय कुमार, स०प्र० डॉ० रजनी छिम्वाल, स०प्र० श्रीमती प्रिया गुप्ता, स०प्र० श्री आनन्द राम, स०प्र० डॉ० रूपाली सक्सेना, स०प्र० खीमानन्द बिनवाल, स०प्र० डॉ. प्रीति आरोड़ा, स०प्र० रवि कुमार, श्रीमती एकता, श्री अखिलेश खरे, स० सिमरनपाल सिंह, श्रीमती सर्वजीत कौर, श्री अखिलेश कुमार, श्री राधाश्याम, श्री दुर्गेश, श्रीमती कल्पना, श्री राजकुमार, श्री परमानन्द एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# गणतंत्र दिवस पर निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर रुद्रपुर गांधीपार्क में भारत माता की जय के घोष के साथ ध्वजारोहण किया और विधायक ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गांधी पार्क स्थित तिरंगे के पास विधायकनिधि से सौन्दर्यीकरण के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा देश गणतंत्र दिवस की 74वें वर्ष को मना रहा है और हमको इस खुली हवा का वातावरण देने वाले उन महान शहीद बलिदानियो का योगदान कभी भुलाया नही जा सकता। उनके पराक्रम ओर अदम्य साहस के बल पर देश फिर से अपना गौरव वापस प्राप्त करने की ओर विश्व पटल पर आगे बढ़ रहा है। वही विधायक शिव अरोरा ने लोकार्पण के दौरान कहा कि यह मेरे लिये गर्व का विषय है कि उनको राष्ट्र के मान ओर शान तिरंगे के पास सौन्दर्यीकरण कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वही विधायक शिव अरोरा एलाइंस कालोनी में भी आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और तिरंगे को सलामी देकर सभी कालोनीवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उधर देव होम्स कालोनी में भी विधायक शिव अरोरा ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चो द्वारा की राष्ट्र संस्कृति पर बच्चो द्वारा दी गयी प्रस्तुति पर उनके राष्ट्र के प्रति प्रेम पर उत्साहवर्धन किया। विधायक शिव अरोरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और संकल्प व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से एक बेहतर विकसित रुद्रपुर के निर्माण के वह लगातार कार्य कर रहे हैं।इस दौरान पार्षद दिव्या अनेजा, सोनू अनेजा, रजनी रावत, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, योगेश वर्मा, अनिता बरेठा, शालनी बोरा,राजीव चौधरी,फरजाना बेगम, अनमोल विर्क, नरेश उप्रेती, बिट्टू चौहान,वन्दे मातरम ग्रुप से संजय आर्य,विधान पांडेय, मदन दिवाकर, शलेन्द्र रावत,मोहित कक्कड़,राज परगाई, राजेश डाबर, हरनाम चौधरी, डॉ सीमा अरोरा ,राजकुमार चौधरी, राजकुमार मुंजाल,सुधीर चौधरी, छत्रपाल राठौर, व अन्य लोग मौजूद रहे।



# गणतंत्र दिवस पर दरऊ में सरवर यार खान ने किया ध्वजारोहण

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम दरऊ में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पहल फाउंडेशन के अध्यक्ष सरवर यार खान ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर झंडा रोहण किया तथा छात्रों एवं जनता में मिष्ठान वितरण कर शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने बच्चो को संविधान के विषय मे आधार भूत जानकारी दी और प्रेरणा दी की भविष्य में वे अच्छे नागरिक बने और देश सेवा का जज्बा रखते हुए कानून का पालन हर हाल मे करें। इस मौके पर पर ग्रामीण और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा जिनमे मुख्य रूप से सगीर अहमद, विजय गुप्ता, चीमा जी, आफताब अहमद, ताहिर अली परवेज खां, सादात खान, नन्हे लाल,मुस्कान, सामी आलिया सोहन आदि लोग उपस्थित थे।



# स्वर्णिमा शिशु भारती विद्यालय में मना गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वर्णिमा शिशु भारती विद्यालय, खेड़ा रूद्रपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही विद्यालय की प्रबंधक व प्रधानाचार्य शमा परवीन ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया।उसके उपरांत विद्यालय के छात्र एवं छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी आगन्तुको का मन मोह लिया। वही, स्कूल की प्रबंधक व प्रधानाचार्य शमा परवीन ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी और मौजूद सभी बच्चो को बताया कि 26 जनवरी को हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ। देश का संविधान को तैयार करने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का समय लगा था। इसलिए 26 जनवरी का खास महत्व है। भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव भी प्राप्त है, हम सभी को नित्य प्रतिदिन इस तिरंगे का स्मरण करते हुए देश को आगे बढ़ाने में देश को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना होगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।



# दिव्य देवभूमि कल्याण समिति ने किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दिव्य देवभूमि कल्याण समिति ने आस्था जूनियर हाई स्कूल शिवनगर में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री अमन सिंह ने कहा कि 26 जनवरी को हमारा संविधान लागू हुआ था। हमारे देश का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ तथा वास्तविक स्वतंत्रता प्राप्त हुई, इसलिए सदा अपनी स्वतंत्रता को बरकरार बनाए रखना है। वही इससे पूर्व आस्था जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक पंकज दास गुप्ता ने सभी मुख्य अतिथियों के बेच लगाकर व बुके भेट कर उनका स्वागत किया। वही समिति के कोषाध्यक्ष विकास सक्सेना ने कहा कि अभी कोरोना का प्रकोप थमा नही है सभी आमजन मानस को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहे। इस अवसर पर समिति के अमन सिंह, विकास सक्सेना, संजय भटनागर, विजय बीरबल, गोपाल भारती, आशु अहमद, सुरेन्द्र शर्मा सहित विद्यालय के प्रबंधक पंकज दास गुप्ता, प्रधानाचार्य सुनीता गंगवार, रेखा मौर्य, विनीता राजपूत, ममता पाल, राजकुमार, सुनील कुमार, पल्लवी, रीना, गंगा पाल समेत अनेको अध्यापक समेत बच्चों के माता पिता मौजूद थे।



# देव होम्स सोसाइटी में मेयर ने मेधावियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड 16-रुद्रपुर स्थित देव होम्स वेलफेयर सोसाइटी में मेधावी छात्रों को सम्मानित करने हेतु प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शहर के मेयर द्वारा सोसाइटी के मेधावी बच्चों को सर्टिफिकेट व ट्रॉफी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का आयोजन देव होम्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया। सोसाइटी के सचिव सचिन शर्मा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य जिन बच्चों ने नाम रोशन किया है उनको सम्मानित करना तथा बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि करना है! सोसाइटी के कई बच्चों द्वारा ने कॉम्पिटिटिव एग्जाम को पास कर सैनिक स्कूल, नवोदय स्कूल में दाखिला हासिल किया है तथा कई बच्चों ने नीट एग्जाम पास कर एम बी बी एस में प्रवेश लिया है तथा कई बच्चों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। देव होम्स सोसाइटी में कृतार्थ गर्ग व हर्ष चौहान द्वारा नीट एग्जाम में अच्छी रैंक लाकर एम बी बी एस में दाखिल प्राप्त किया वही अनुशा में सैनिक स्कूल में दाखिला प्राप्त किया तथा नमन आचार्य द्वारा जे एन वी में दसवीं कक्षा में टॉप किया व प्राची द्वारा नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल हासिल कर नाम रोशन किया। मेयर रामपाल द्वारा सभी मेधावियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सचिन शर्मा व प्रशांत मोरे द्वारा किया गया तथा अध्यक्ष मोर सिंह यादव व उपाध्यक्ष संध्या तिवारी से जनता का कार्यक्रम में आने पर स्वागत किया। सम्मान समारोह के पश्चात मेयर रामपाल सिंह ने देव होम्स में ओपन जिम लगाने की घोषणा की जिससे सोसाइटी के लोगो ने मेयर का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत मे सचिन शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया गणतंत्र दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस पर वार्ड नंबर 10 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र प्रथम में कार्यकर्ती आसमा के नेतृत्व में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम करने से पूर्व रैली भी निकाली गई बच्चों द्वारा केंद्र पर विभिन्न सांस्कृतिक गीत-संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम किए गए नन्ही मुन्नी बच्ची अनादिया ने शानदार नृत्य करते हुए सबका मन मोह लिया स कार्यक्रम में शबाना, गुलनाज ,गजाला, नजीर, जुनैद , शाइका ,खुशबू ,फिरदोस, शबाना, असीम ,शफीकन आदि मौजूद रहे।



# आरएएएन स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विशिष्ट अतिथि गोविन्द वल्लभ पन्त यूनिर्वसिटी के डॉ. अनिल शर्मा, शिक्षा विस्तार निदेशक एवं डॉ. शिवेन कश्यप, डीन एग्रीकल्चर कॉलेज, विद्यालय संस्थापक विंग कमाण्डर एच.के.राय, प्रबंधक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय, रूद्रपुर शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट तथा बिलासपुर शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती दिव्या भारद्वाज द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण कर माँ सरस्वती के समक्ष बसंत पंचमी के उपलक्ष में दीप प्रज्ज्वलित किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती दिव्या भारद्वाज द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात् नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा प्रस्तुत गीत एवं लघु नृत्य नाटिकाओं ने गर्व का एहसास करवाकर मन को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। 26 जनवरी एवं बसंतपंचमी के इस सुअवसर पर सन् 2021-22 में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।




विशिष्ट अतिथियों ने अपने भाषण में बच्चों को देश की सेवा करते हुए यूँ ही भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, विद्यालय संस्थापक एवं प्रबंधक महोदय ने भी बच्चों को अपने देष्श पर गर्व करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन कर सफलता की ऊचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। इस सुअवसर पर शहर के अनेकानेक गणमान्य लोग जैसे डॉ.रितेश एव डॉ. पल्लवी शर्मा, श्रीमती एवं सुधांशु गाबा, श्रीमती एवं आनन्द रूंगटा, श्रीमती एवं पीयूष रंजन श्रीमती एवं विकास कक्कड़ तथा श्रीमती एवं चरणजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। मिष्ठान वितरण के साथ हर्षोल्लास भरे वातारवरण में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# कोलम्बस में गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी पर्व की धूम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश का 74वाँ गणतन्त्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने निर्धारित समय पर ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने गणतन्त्र दिवस की बधाई प्रेषित कर अपने उद्बोधन के दौरान छात्र-छात्राओं को देश-प्रेम व सत्य के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से सराबोर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर शहीदों को श्रद्धांजली दी। तत्पश्चात् वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यालय प्रागंण में माँ सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा ने समस्त विद्यालय परिवार सहित ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही वेद मंत्रों के मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक मनोज खेड़ा ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को गणतन्त्र दिवस व वसंत पंचमी की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान पर प्रकाश डाला साथ ही आज वसंत पंचमी के पावन अवसर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी को नमन किया। श्री खेड़ा ने सभी कलाकार छात्र-छात्राओं के उच्चकोटि





के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान ललित खेड़ा, शैलेन्द्र रावत, टी0एस0 नैलवाल, लक्ष्मी लाल शाह, एस0के0 नैयर, प्रबंध समिति के सदस्यगण, अभिभावकगण व समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वनवासी कल्याण आश्रम के सेवा प्रकल्प संस्थान द्वारा संचालित तिलकराज कपूर बाल विकास सरस्वती शिशु मन्दिर गांधी कालोनी में गणतन्त्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ,विशिष्ट अतिथि प्रांत हित रक्षक सेवा संकल्प संस्था चन्द्र प्रकाश लखेड़ा ,कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश गोस्वामी तथा संरक्षक डाल चन्द द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रमों से समां बाँध दिया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों , अतिथि गणों ने करतल ध्वनि से बच्चों का उत्साह बर्धन किया और प्रत्येक कार्यक्रम को सराहा। सेवा भारती शिक्षा समिति के महामंत्री नरेन्द्र अरोरा द्वारा गणतंत्र दिवस पर प्रकाश



डाला गया। कोषाध्यक्ष श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास मनीष अग्रवाल ने तिरंगा पर प्रकाश डाला। विशिष्ठ अतिथि व मुख्य अतिथि द्वारा संविधान व बसंत पंचमी में विचार व्यक्त किया तथा बीर वालक हकीकत राय को भी याद किया गया । प्रांत शिक्षा आयाम प्रमुख दीप चन्द्र जोशी द्वारा अतिथि परिचय किया गया । प्रधानाचार्य किशोर चन्द्र के द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में सरस्वती वन्दना , स्वागत गीत , देश भक्ति गीत , पहाड़ी नृत्य , पंजाबी गीत के साथ अनेकों कार्यक्रम भैया / बहिनों के द्वारा प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में अमित गम्भीर , पुष्कर कालड़ा, विनोद अरोरा , मोहन बिष्ट , कमल सिंह राणा,ओम प्रकाश ठुकराल सहित दर्जनों सदस्य , प्रबन्ध समिति व सैकड़ों अभिभावक शामिल रहे । अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक राजेन्द्र अरोरा द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया । विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उचित अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। जिसमें आशीष, श्रीमती बबीता, सावित्री, रश्मि, नीतू, प्रियंका, शालू, अन्जू शामिल रहे ।

# विजडम पब्लिक स्कूल में हुआ सामूहिक हवन यज्ञ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित विजडम पब्लिक स्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश भक्ति का संदेश दिया। विद्यालय में गायत्री प्रज्ञा पीठ



द्वारा पंच महायज्ञ स्कूल प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल द्वारा आयोजित किया गया जिसमें समस्त शिक्षकण एवं विद्यार्थियों द्वारा वैदिक विधि विधान के साथ सामूहिक यज्ञ किया गया। इस अवसर पर रोशन सिंह अरोरा, प्रधानाचार्य कैलाश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे ।

# राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में मनाई बसंत पंचमी

शक्तिफार्म/सितारगंज(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय सिसौना, सितारगंज में बसंत पंचमी सरस्वती पूजन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। महाविद्यालय सितारगंज में 7 वर्षों में यह द्वितीय बार सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार के प्रचार्य सुभाष वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। जिसमें राजकीय महाविद्यालय सिसौना, सितारगंज के समस्त छात्र-छात्राएं शिक्षक गण एवं बाहर से आए हुए अतिथि सभी का विशेष योगदान रहा। वही सभी धन्यवाद के पात्र हैं तथा जिसमें भव्य आकर्षण रही माता की श्रृंगार जिसमें विधि विधान तथा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई तथा तत्पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष योगदान रहा नवनिर्वाचित विश्व विद्यालय प्रतिनिधि राजीव यादव का जिन्होंने इस कार्यक्रम की पहल कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए। इस मौके पर प्राचार्य सुभाष वर्मा तथा महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# डीसीबी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।ऊधमसिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को- ऑपरेटिव बैंक रुद्रपर में 74वाँ गणतंत्र दिवस पूर्ण श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर मुख्य कार्यकम बैंक के प्रधान कार्यालय रुद्रपुर में आयोजित किया गया जहाँ बैंक के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह रावत ने ध्वजारोहण किया एवं बैंक प्रांगण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देश्यिका की शपथ दिलायी एवं देशभक्ति के नारों का उदघोष किया। तदनन्तर बैंक सभागार में आयोजित कार्यकम में श्री रावत ने अपने सम्बोधन में संविधान निर्माताओं के साथ साथ देश के महान सपूतों का भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर बैंक के सचिव महाप्रबंधक चरण सिंह, महाप्रबंधक रामअवध, बैंक कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष हरी सिंह रचना सिंह, सपना बिष्ट, शिव कुमार शाक्य, गोविंद सिंह फर्त्याल, हिमांशु पाण्डे, विजय कुमार वर्मा, भगवान शरण



यादव, संजय कुमार शर्मा, रेशम सिंह, महेश कुमार, प्रमोद कुमार मौर्य, सूरज सिंह मेहता, अजय कुमार सिंह, विपिन शर्मा, त्रिपाठी, उमेश कुमार, नरेश चन्द, विकास जलाल, मदन मोहन भट्ट, शुभम पाल, लालू वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 55 नेत्र रोगियों को मिली नेत्र ज्योति

बागेश्वर(उद संवाददाता)जिला अस्पताल में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर अनुभवी चिकित्सकों द्वारा55 मरीजों का सफल नेत्र लेंस प्रत्यारोपण किया गया।जिला अस्पताल मेंआयोजित नेत्र शिविर में दूरदराज क्षेत्रों से आए नेत्र रोगियों की जांच कर ऑपरेशन द्वारा लेंस लगाया गया। जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड़ा हरीश पोखरिया और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार टम्टा ने नेत्र शिविर का उदघाटन किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ एसपी त्रिपाठी, डॉ अनुपम गर्ग, ड़ा राजीव उपाध्याय,नेत्र सहायक प्रदीप रावत,और सेवा समिति से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।



# अटरिया मंदिर से निकली झंडा यात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बसंत पंचमी के अवसर पर रमपुरा के प्रसिद्ध प्राचीन अटरिया मंदिर से भव्य झंडा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया स इससे पूर्व मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई और उसके पश्चात बैंड बाजों के साथ झंडा हाथ में लेकर शक्ति विहार कॉलोनी के नजदीक प्राचीन अटरिया मंदिर में स्थापित किया गया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती मीना शर्मा ने रमपुरा स्थित अटरिया मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और मां से आशीर्वाद लिया स यहां मंदिर की महंत श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा ने श्रीमती शर्मा सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा पूर्व प्रधान विजय यादव महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली, निगम पार्षद प्रीति साना, राजेश कुमार, अरविंद सक्सेना आदि को पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और मिस्र के रिश्ते

भारत और मिस्र के रिश्तों में नए सिरे से गर्माहट आई है। हालांकि दोनों देश बहुत पुराने दोस्त हैं और कभी किसी रणनीतिक दबाव में किसी ने भी पाला बदलने की कोशिश नहीं की। मगर बीच के कुछ सालों में कुछ ठंडापन आ गया था। पिछले कुछ सालों से इसमें फिर से नई ऊर्जा लौटी है। खासकर कोरोना महामारी के दौरान जब भारत को दवाओं की जरूरत थी, तब मिस्र ने आगे बढ़ कर मदद की। वैसे ही जब रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ा और उन देशों से मिस्र को गेहूं मिलना बंद हो गया, तब भारत ने उसकी मदद की। अब राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी को गणतंत्र दिवस परेड का मुख्य अतिथि बना कर भारत ने मिस्र को विशेष सम्मान दिया है। इस मौके पर दोनों देशों के बीच पांच बिंदुओं पर समझौते भी हुए, जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है आतंकवाद के खिलाफ मिल कर लड़ने की वचनबद्धता। इसके अलावा दोनों देश सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, संस्कृति, युवा मामले और प्रसारण के क्षेत्र में मिल कर काम करेंगे। हालांकि भारत के साथ मिस्र का व्यापार पिछले कुछ सालों में बहुत तेजी से बढ़ा है और पहले की तुलना में पचहत्तर फीसद अधिक हो गया है, मगर इसमें अभी बहुत संभावनाएं हैं। फिर, बदलती वैश्विक स्थितियों में भारत के लिए मिस्र से दोस्ती कई अन्य कारणों से भी महत्त्वपूर्ण है। मिस्र अफ्रीकी महाद्वीप का सबसे बड़ा देश है, जिससे भारत के पुराने रिश्ते हैं। उसके साथ रिश्तों में मजबूती लाकर भारत मध्य-पूर्व में अपनी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति बना सकता है। भूमध्य सागर, लाल सागर, अफ्रीका और पश्चिम एशिया में मिस्र की अहम पकड़ है। यहां की स्वेज नहर एशिया और यूरोप के बीच लोकप्रिय मार्ग है, जो हिंद महासागर को लाल सागर और भूमध्य सागर को जोड़ती है। भारत के लिए व्यापारिक दृष्टि से यह मार्ग बहुत उपयोगी है। इस समय मिस्र आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से खाली हो रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उसे गेहूं की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में वह चाहता है कि भारत उसे और गेहूं निर्यात करे। गेहूं निर्यात पर रोक के बावजूद भारत ने मिस्र को गेहूं उपलब्ध कराया था, अब भी उसे इसमें कोई अड़चन नहीं है, क्योंकि भारत के पास गेहूं का भंडार काफी है। फिर मिस्र में भारतीय कंपनियों के लिए निवेश के कई अच्छे अवसर हैं। पिछले कुछ सालों में कई कंपनियों ने रसायन, ऊर्जा, वाहन निर्माण आदि क्षेत्रों में भारी निवेश किया भी है। मिस्र चाहता है कि भारत और निवेश बढ़ाए, ताकि वह आर्थिक मंदी से उबर सके। भारत भी आर्थिक मोर्चे पर बेहतरी के प्रयास कर रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद निर्यात के क्षेत्र में उसे अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही। इसके चलते भारी उद्योगों में सुस्ती देखी जा रही है। ऐसे में मिस्र उसके लिए एक बड़ा बाजार हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में वह भारत का बड़ा खरीदार भी हो सकता है। हालांकि पहले ही मिस्र ने भारत में बने तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी, अब वह सौदा करना चाहता है। इस तरह वह भारतीय रक्षा सामग्री का खरीदार देश भी बन सकता है। सबसे बड़ी बात कि मिस्र के जरिए भारत पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है। ताजा समझौतों के समय राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी ने आतंकवाद को कतई सहन न करने का आह्वान करते हुए इसे विदेश नीति के उपकरण के तौर पर इस्तेमाल करने वाले देशों की निंदा भी की।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित




देहरादून (उद संवाददाता)। 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वज फहराया तथा राष्ट्रीय ध्वज को नमन करते हुए परेड की सलामी ली। इस अवसर पर सीआरपीएफ, आई.टी.बी.पी., पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों सहित एन.सी.सी की टुकड़ियों ने परेड करते हुए राज्यपाल को सलामी दी। राज्य के लोक कलाकारों व विभिन्न स्कूली बच्चों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक लोक नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) व मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड पुलिस के 'विजन डॉक्यूमेंट' का अनावरण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सड़क हादसे में घायल भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की सहायता एवं राहत व बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हरियाणा रोडवेज के चालक श्री सुशील कुमार, परिचालक श्री परमजीत नयन व उत्तम शुगर मिल में कार्य करने वाले दो कर्मियों निशु और रजत को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अंतर्गत सूचना विभाग द्वारा 01-01 लाख रू0 की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह (ब्रहमकमल की अनुकृति) प्रदान किया गया। यह सम्मान सुशील कुमार की पत्नी श्रीमती ऋतु और परमजीत के पिता श्री सुरेश कुमार ने ग्रहण किया। पुलिस विभाग द्वारा भी सभी को अलग से सम्मान राशि प्रदान की गई। परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास, पर्यटन विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में उद्यान विभाग की झाँकी को प्रथम, पर्यटन विभाग को द्वितीय तथा शिक्षा विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर द्वितीय गढ़वाल राइफल्स, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, उत्तराखण्ड पुलिस, आई.आर.बी द्वितीय, उत्तराखण्ड विशेष पुलिस, उत्तराखण्ड विशेष पुलिस (महिला), होमगार्ड, पीआरडी, एनसीसी ब्वॉइज, एनसीसी गर्ल्स ने भव्य परेड में प्रतिभाग किया। परेड करने वाली टुकड़ियों में प्रथम स्थान पर द्वितीय प्लाटून केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, द्वितीय स्थान पर प्रथम दस्ता गढ़वाल राइफल्स और तृतीय स्थान पर 5वीं प्लाटून उत्तराखंड महिला दल रहीं। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा छोलिया, गढ़वाली, भांगडा, कौथिक, बसन्त, हारूल, नृत्य का प्रदर्शन किया गया। जिसका उपस्थित दर्शकों ने खूब आनंद लिया। परेड ग्राउण्ड में आयोजित इस समारोह में सांसद नरेश बंसल, मेयर देहरादून श्री सुनील उनियाल गामा, स्थानीय विधायक श्री खजान दास, मुख्य सचिव डॉ.एस.एस.संधु, डी.जी.पी. अशोक कुमार, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका सहित पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विशिष्ट गणमान्य अतिथि एवं जनसामान्य भी उपस्थित रहे। **सराहनीय सेवा के लिए इन्हें पुलिस पदक**- रमेश कुमार पाल, पुलिस उपाधीक्षक(एम) (से0नि0) पुलिस मुख्यालय। विरेन्द्र दत्त उनियाल, पुलिस उपाधीक्षक (से0 नि0) जनपद देहरादून। कैलाश चन्द पंवार, पुलिस उपाधीक्षक (से0 नि0) एसटीएफ।पंकज कुमार उप्रेती, पुलिस उपाधीक्षक (से0 नि0) सतर्कता सैक्टर हल्द्वानी।विरेन्द्र सिंह रावत, पुलिस उपाधीक्षक (से0 नि0) मा0 मुख्यमंत्री सुरक्षा।मोहन गिरी, उप निरीक्षक अध्यापक (से0 नि0) एटीसी हरिद्वार।दिनेश चन्द्र, प्लाटून कमाण्डर, 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर।विक्रम सिंह, उप निरीक्षक वि0श्रे0 (से0 नि0) जनपद हरिद्वार।पितृशरण बहुगुणा उप निरीक्षक आरमोरर (से0 नि0) पुलिस मुख्यालय।मोहन राम, उप निरीक्षक वि0श्रे0 (से0 नि0) एसपीआर हलद्वानी।जई राम, मुख्य आरक्षी वि0श्रे0 चालक (से0 नि0) 46वीं वाहिनी पीएसी। **विशिष्ट कार्य के लिए इन्हें किया राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक**- दलीप सिंह कुंवर, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून। आयुष अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ उत्तराखण्ड। देवेन्द्र पींचा, पुलिस अधीक्षक, चम्पावत। राकेश चन्द्र देवली, अपर पुलिस अधीक्षक, मा0 मुख्यमंत्री सुरक्षा उत्तराखण्ड। दिनेश चन्द्र बडोला, पुलिस उपाधीक्षक पीटीसी नरेन्द्र नगर। पूरन सिंह रावत, निरीक्षक एम पुलिस मुख्यालय।




# विद्यार्थियों को मतदान करने की दिलाई शपथ

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बुधवार को मतदाता जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम मनोज सरकार स्टेडियम में किया गया। जिसमें जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने विभिन्न विद्यालयों से आये हुए विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता हेतु शपथ दिलाई।इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा-लोकतन्त्र उतना ही सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र निर्माण हेतु सभी को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि पात्रता पूरी कर रही युवा पीढ़ी मतदाता सूचि में अपना नाम अवश्य जुड़वाये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता सूचि की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर शतायु पूरी कर चुके मतदाता राधिका मंण्डल, दिव्यांग मतदाता जाहिर अंसारी, अच्छा कार्य करने वाली बीएलओ नीलम, कमला देवी, इन्दिरा पाण्डे को सम्मानित किया गया।



इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, तहसीलदार नीतू डागर, अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज सरकार, उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव डीके सिंह, उप क्रीड़ा अधिरी निर्मला पन्त सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक, आदि उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री तक पहुंचा हेलीकॉप्टर विवाद

## जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : बहुगुणा

बागेश्वर। उत्तरायणी मेले के समापन के बाद मेले में उत्तरायणी मेले में होलिकाप्टर विवाद अब जिले के प्रभारी मंत्री तक पहुंच गया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक पत्रकार को दिए गए इंटरव्यू में प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पूछे गए सवाल के जबाब में कहा कि डीएम की अध्यक्षता में मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी दोषी होगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। वही उत्तरायणी मेले को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए पहली बार जिला प्रशासन,पुलिस और पालिका को बधाई दी। मालूम हो कि लोगों को हेलीकॉप्टर सेवा और कुश्ती दंगल का लाभ देखने को मिला था।मेलार्थियों को हेली सेवा के संचालन के लिए जिला प्रशासन ने अस्थाई सहमति दी थी। पर सब कुछ सही चलने के बाद अचानक सुरक्षा मानकों के चलते पुलिस द्वारा हेली सेवा को रोकने का निर्णय लिया गया था।वही मामले में हेली सेवा के पायलट ने हेली सेवा रोकने की बात पर मीडिया को सादी वर्दी में तैनात कुछ कर्मियों द्वारा अभद्रता करने की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। मालूम हो कि हेली सेवा के मैनेजर और पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल द्वारा भी मामले में लिखित शिकायत डीएम को दी थी। जिसके बाद कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने भी मामले में खेद जताते हुए मेले के समापन के बाद लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी। वही मामले में पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने भी अपने स्तर से मामले को जांच कर यदि कोई लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई और पुलिस को सुरक्षा के नाम पर लोगों में गलत तरीके से बदनाम करने की बात कही गई थी।एसपी ने प्रेस वार्ता कर मामले में सुरक्षा की दृष्टि से हेली सेवा रोकने और सुरक्षात्मक दृष्टि से कोई समझौता नही किए जाने की बात कही थी। वही अब मामले में लोगो को जांच रिपोर्ट आने और मामले का पटाक्षेप होने का इंतजार है। वही प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी मामले में गलत तरीके से दुर्व्यवहार होना पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की बात कही है। अब देखने वाली बात है कि जांच रिपोर्ट कब तक आती है। यह जांच के बाद ही पता चलेगा। सूत्रों के मुताबिक पालिकाध्यक्ष ने भी प्रभारी मंत्री से मामले में मौखिक रूप से शिकायत की है।अब ये तो जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि हेली सेवा के मैनेजर,पायलट और पालिकाध्यक्ष की शिकायत ठीक थी या फिर लगाए गए आरोप निराधार थे, ये जांच पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा।

# व्यायाम शाला परिसर में किया झंडा रोहण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली स्थित व्यायामशाला में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने झंडा रोहण किया। इस मौके पर जनहित व्यायामशाला समिति ने डॉ. जोगिंदर रौतेला का शाल ओढ़ कर स्वागत कर सम्मान मे स्मृति चिन्ह दिया। खिलाड़ियों से जुडी सबसे पुरानी संस्था जिससे कई राष्ट्रीय खिलाड़ी नाम कमा चुके है मेयर ने जल्द ही खिलाड़ियों के लिए अच्छे व नए जिम के सामान व अन्य कार्यों के लिए दस लाख रुपये की घोषणा की। मेयर की घोषणा पर जनहित व्यायामशाला के सभी पदाधिकारी सदस्यगण और खिलाड़ियों ने आभार जताकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जनहित व्यायामशाला समिति के अध्यक्ष सुरजीत सिंह नरूला, सचिव जाकिर हुसैन सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष हेमंत सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष साबिर हुसैन सलमानी, संयुक्त मंत्री दलजीत सिंह दल्ली, बलवंत पाल, पंकज गुप्ता, गोविंद सिंह बगड़वाल, तसव्वर, त्रिलोक बेलवाल, लक्ष्मीकांत पसपोला, पार्षद धीरेन्द्र सिंह रावत, धर्मवीर डेविड, महेश कुमार, एडवोकेट ललित मोहन जोशी, नारायण सिंह, वकार अहमद, मो. असरफ आदि मौजूद थे।



# एडवोकेट विकेश सिंह नेगी को किया सम्मानित

देहरादून( उद संवाददाता)। देहरादून बार एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित एक समारोह में कोरोना काल में समाजसेवा करने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। अपर जिला जज मनोज गर्ब्याल और एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। समाजसेवी और आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश सिंह नेगी को भी इस मौके पर अपर जिला जज ने सम्मानित किया। इस मौके पर अपर जिला जज ने सभी अधिवक्ताओं को गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों को पढ़ना चाहिए। उन्होंने बार के नये सदस्यों को वकालत के कई टिप्स भी दिये। इस मौके पर सोशल एक्टिविस्ट विकेश सिंह नेगी ने कहा कि कोरोना काल में वकीलों ने समाज के विभिन्न वर्गों की यथासंभव मदद की है। गौरतलब है कि एडवोकेट विकेश नेगी ने कोरोना काल में न केवल आम लोगों की मदद की बल्कि बार एसोसिएशन को भी 50 हजार रुपये दान किये ताकि जरूरतमंद नये वकीलों को मदद की जा सके। इस मौके पर एसोएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने एडवोकेट विकेश नेगी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जतायी कि युवा एडवोकेट विकेश नेगी से अन्य अधिवक्ताओं को भी प्रेरणा मिलेगी।



## पेज एक का शेष...

**मोदी का गुरू मंत्र...**जाता है। क्या हमें इन दबावों से दबना चाहिए? अगर आप अपनी एक्टिविटी पर फोकस रहते हैं तो आप ऐसे संकट से बाहर आ जाएंगे। कभी भी दबावों के दबाव में न रहें। पीएम ने कहा कि कुछ छात्र नकल करने के तरीके ढूंढने में तेज होते हैं। ऐसे छात्र छोटे-छोटे अक्षरों की पर्चा बनाते हैं। इसके बजाय ऐसे छात्रों को इस टैलेंट का इस्तेमाल सीखने में लगाना चाहिए। छात्र ये बात समझ कर चलें कि अब जिंदगी और जगत बहुत बदल चुका है। आज आपको डगर-डगर पर परीक्षा देनी है। इसलिए जो नकल करने वाला है वो एक-दो एग्जाम तो पार कर जाएगा, लेकिन जिंदगी कभी पार नहीं कर पाएगा। पीएम ने एक छात्र का जवाब देते हुए कहा कि मेहनती छात्रों को इसकी बहुत चिंता जरूर होती है कि दूसरे छात्र नकल करके पास हो जाते हैं। कई छात्र गर्व से कहते होंगे कि मैंने टीचर को बेवकूफ बना दिया। मूल्यों में खतरनाक बदलाव आया है। कूछ स्कूल या टीचर, जो ट्यूशन देते हैं। उनको लगता है कि मेरा छात्र अच्छे नंबर से पास हो जाए, तो वे उनको मदद करते हैं। आप अच्छा करेंगे तो भी हर कोई आप से नई अपेक्षा करेगा। चारों तरफ से दबाव होता है, लेकिन क्या हमें इस दबाव से दबना चाहिए? ऐसे ही आप भी यदि अपनी एक्टिविटी पर फोकस रहते हैं तो आप भी ऐसे संकट से बाहर आ जाएंगे। कभी भी दबाव के दबाव में ना रहें। पीएम मोदी ने सलाह देते हुए कहा कि समय प्रबंधन केवल परीक्षाओं के लिए ही नहीं, बल्कि आपके दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण है, बस अपने काम को प्राथमिकता दें। **देहरादून**- प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में आज उत्तराखण्ड के 10 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जो कार्यक्रम से लाइव जुड़े। 9 वीं से 12 वीं तक के इन छात्रों के लिए सभी विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से संवाद के लिए उत्तराखंड से दो बच्चों का नामांकन हुआ था। प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ ही राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम से जुड़े। इसके अलावा मंत्री, सांसद, विधायक, राज्य के पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता, शिक्षा, कला एवं संस्कृति से जुड़े महानुभाव, नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से इस कार्यक्रम में जुड़े। राज्य के लगभग 5500 शासकीय, अशासकीय एवं निजी विद्यालयों में यह कार्यक्रम संचालित हुआ।

**हादसों में दो..** शर्मा प्रमोद आफत बनकर टूट पड़ी। बताते हैं कि मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या फेक्ट्री के निकट जैसे ही दंपत्ति पहुंचे भूसे से भरे ट्रक संख्या यूके 18सीए 2379 कि चालक नाम पता अज्ञात में तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर दोनों को गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। हादसे में विनीता शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विनोद शर्मा घायल हो गए। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाते हुए मृतका के शव को कब्जे में लेकर उसे अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया जहां से शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**युवक की मौत...**यूके 06एल 0614 के चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे गम्भीर चोट आयी। उपचार के लिये उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक रामचरन के शव को रामचरन के पुश्तेनी गांव ग्राम केवलपुर थाना पाली जिला हरदोई भेज दिया गया। वहां पर उनका पोस्टमार्टम व एवम् अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ठेली पर..**बताया कि 26 जनवरी के कारण सभी ठेके बंद है। इसलिये उसने कल ही शराब खरीद ली थी। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर राजेश को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत का संविधान दुनिया में सर्वश्रेष्ठ: बब्बर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत का संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है क्यों कि यह अनेकता में एकता, प्रेम, सहनशीलता और समभाव पर बना है। यह विचार श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने श्री सनातन धर्म कन्या प्रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथी अपने संबोधन में कही। श्री सनातन कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम एवयं उत्साह से मनाया गया। मुख्य अतिथि महेश बब्बर, प्रबन्धक ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, विजय मिडडा व सदस्यों सहित महाविद्यालय प्राचार्या डा. सतविंदर कौर आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सभी अतिथियों का फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। प्राचार्या डा. सतविन्दर कौर ने कहा कि भारत और भारतीयता हमारे सांसो में बसती है। हर भाव मे है, हर एहमास में हैं। भारत को हम और ऊँचाईयों तक लेकर जाये इसके लिये हमें हमेशा अपनी सोच पवित्र रखनी होगी। लक्ष्य ऊंचा रखना है जो देश एवं समाज की भलाई के लिये हो। कार्यक्रम में विजय जग्गा, विजय मिड्डा आदि ने भी विचार प्रगट किये। छात्राओं ने देश भक्ति गीतो, नृत्यों, भाषण से सारे वातावरण को देश प्रेम के रंग में रंग दिया। मंच संचालन डा. चम्पा जग्गा ने किया। प्रोगाम में हरिचन्द मिड्डा, नन्दलाल भुड्डी , जागनलाल नारंग व समस्त सदस्य, स्त्री सत्संग की अध्यक्षा श्रीमती शशि एवं साथी, डा. ज्योति, डा. शिल्पा, डा. नीमा, डा. सुगन्धा, डा. रेखा, डा. भावना, डा. नेहा, श्रीमती नेहा, डा. सत्यवती, डा. श्रीमती नीतू, श्रीमती सोनिया, डा. गुन्जन, डा. विद्या, कु. रश्मि, इला, सोनिया, सुरिंदर, हिमांशी, खुशी, शिवाना, मान्या आदि मौजूद थे।



# मतदाता दिवस पर दिलवाई शपथ

गदरपुर( उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मतदान दिवस पर नगरपालिका परिषद में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा ने कर्मचारियों को सुनिश्चित मतदान प्रयोग की शपथ दिलायी। शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये



रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शपथ ग्रहण करने वालों में अशोक कुमार बांगा, शिव प्रसाद गुप्ता, सीताराम, मुकेश कुमार, सन्नी, विक्की, तौफीक, विवेश, दया जोशी, खुशी, प्रभा आदि शामिल थे। वहीं विकास खंड कार्यालय में बीडीओ शेखर जोशी द्वारा कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर में प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर द्वारा शिक्षक ,छात्रों एवं अन्य कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी।

# बीस लाख रुपये से होंगे गैरखेत में बाढ़ सुरक्षा के कार्य : गड़िया

कपकोट( उद संवाददाता) । ग्राम पंचायत गैरखेत में जिला योजना के अंतर्गत 20 लाख की धनराशि से जल्द बाढ़ सुरक्षा के कार्य होंगे। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने इसके लिए भूमिपूजन कार्य किया। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर बाढ़ सुरक्षा के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसमें धन की कमी आड़े नहीं आएगी। हर घर की सुरक्षा की जाएगी। गैरखेत में मंगलवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक गड़िया ने कहा कि हमारा लक्ष्य संपूर्ण क्षेत्र का समग्र एवं चहुमुंखी विकास करना है। समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास की धारा प्रवाहित करना है। सरकार भी इसके लिए गंभीर है। गत वर्ष वर्षात में उनकी विधानसभा में आपदा से सबसे अधिक नुकसान हुआ था। इसकी भरपाई के लिए दिन-रात काम चल रहा है। आंगणन बनाकर सरकार को भेजा गया है। बजट मिलते ही अन्य कार्य भी शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोहर राम, बीडीसी सदस्य निर्मला फर्त्याल, ग्राम प्रधान मंजू देवी, मोहन सिंह, दरबान कपकोटी, रवि शाही, गणेश शाही आदि मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)